समाचार

वार्ड क्र. 41 की विभिन्न बस्तियों का भ्रमण किया महापौर ने

(बस्तियों की समस्या की ली जानकारी, सड़क, नाली, स्ट्रीट लाईट व साफ–सफाई व्यवस्था पर दिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश)

कोरबा 16 जून 2017 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वार्ड क्र. 41 परसाभांठा के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों का पैदल भ्रमण कर वहां की समस्याओं व आवश्यकताओं का जायजा लिया, बस्तीवासियों से भेंटकर उनसे चर्चा की तथा सड़क, नाली, स्ट्रीट लाईट व साफ–सफाई से संबंधित कार्यो के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

वार्ड, बस्ती एवं मोहल्लों में अचानक पहुंचकर वहां की समस्याओं का निरीक्षण एवं निराकरण हेतु तुरंत पहल करने की अपनी विशिष्ट कार्यशैली के अनुरूप महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज बालको जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 41 परसाभांठा का आकस्मिक दौरा किया, उन्होने वहां की विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों का पैदल भ्रमण कर मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी विविध समस्याओं का जायजा लिया एवं उनके निराकरण हेतु तुरंत आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने यादव मोहल्ला गली नं. 3, अर्जुन गली, बुधराम गली, पटेल मोहल्ला आदि में जीर्ण–शीर्ण नालियों के स्थान पर पक्की नाली के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही तुरंत करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गुप्ता गली में सड़क निर्माण तथा कांजीहाउस गली में नाला निर्माण किए जाने हेतु भी आवश्यक कार्यवाही तुरंत कराए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। भ्रमण के दौरान महापौर श्रीमती अग्रवाल ने बस्तियों में स्थापित विद्युत खंभों में तुरंत लाईट लगाकर प्रकाश सुविधा उपलब्ध कराने के साथ–साथ पुराना नवधा चौक परसाभांठा, शिव मंदिर मोहल्ले में नालियों की साफ–सफाई एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी तुरंत कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर उन्होने बस्तीवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे घरों से निकले हुए कचरे को नालियों में या सड़क में न फेंके बल्कि उसे डस्टबिन में संग्रहित कर के रखें तथा डोर–टू–डोर कचरा लेने हेतु आने वाले निगम के सफाईमित्र के रिक्शे में उस कचरे को दें ताकि नालियों एवं गलियों की साफ–सफाई दुरूस्त रहे, उन्होने निगम की साफ–सफाई व्यवस्था में सहयोग देने की अपील भी आमजन से की।

महापौर श्रीमती अग्रवाल के बस्तियों में भ्रमण के दौरान पार्षद संतोष कुर्रे, विकास डालमिया, मुकेश पाण्डेय, आर.के. चौकसे, श्रीकांत मांझी, पीयुष पाण्डेय, एफ.डी.मानिकपुरी, संजय झा, दिनेश कुमार, रमेश चन्द्र, जानकी बाई, सुमित्रा देवी, बुधवारीन बाई, यशोदा बाई आदि के साथ काफी संख्या में बस्तियों के नागरिकगण उपस्थित थे।